ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA - 700 019

ANSWER SHEET-3

Sub : Hindi Text 1st Term **Class II B** **Date : 04.07.2020**

Topic : मेरी कहानी

1. रेलगाड़ी का आविष्कार किसने किया तथा कैसे?

उत्तर : रेलगाड़ी का आविष्कार एक अंग्रेज़ वालक जेम्स ने किया था। एक दिन उसने चाय बनाने के लिए आग पर पानी का पतीला रखा। थोड़ी ही देर में पानी उबलने लगा। भाप के ज़ोर से पतीले का ढक्कन नीचे गिर गया। जेम्स ने इसी भाप की शक्ति से रेलगाड़ी का आविष्कार किया।

2. 'भाप में बहुत शक्ति है' — उसे इस बात का पता कब और कैसे चला?

उत्तर : 'भाप में बहुत शक्ति है' उसे यह बात तब पता चली जब उसने चाय बनाने के लिए आग पर पानी का पतीला रखा। थोड़ी ही देर में पानी उबलने लगा। भाप के ज़ोर से पतीले का ढक्कन नीचे गिर गया। जेम्स को यह देखकर बहुत आश्चर्य हुआ। वह समझ गया कि भाप में बहुत शक्ति है।

3. जेम्स ने भाप की शक्ति को रोककर रेल के इंजन का आविष्कार कैसे किया?

उत्तर : जेम्स ने एक डिब्बे में पानी लिया और उसके ढक्कन को टाँका लगाकर बंद कर दिया। फिर उसने इस डिब्बे को अँगीठी के साथ जोड़ दिया। उसने अँगीठी के नीचे छोटे-छोटे चार पहिए लगा दिए और उसने अँगीठी में आग जला दी। भाप के ज़ोर से पहले डिब्बा हिला, फिर पहियों के सहारे ज़मीन पर चलने लगा। इस तरह भाप की शक्ति को रोककर रेल के इंजन का आविष्कार किया।

Sangeeta Khosla